

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

स्ट्रगल, बॉडी शेमिंग-रिजेक्शन झेलकर बनीं स्टार -मृणाल

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 46 ■ अंक : 2 ■ सोमवार 2 मार्च 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## पानी के बिलों में वृद्धि जनविरोधी -सोनिया धामी

■ प्रशासन नियमित व स्वच्छ पानी मुहैया कराएं




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा की पहली ही आम सभा में पानी के बिलों में की गई वृद्धि जनविरोधी है और राकांपा इसका कड़ा विरोध करती है। पानी बिलों की बढ़ोत्तरी तुरंत रद्द करनी चाहिए क्योंकि यह आम जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है। ऐसा राकांपा प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने एक मुलाकात में कहा।

राकांपा महासचिव सोनिया धामी ने कहा कि पानी वृद्धि पर हो रही महासभा में नए चेहरों को सदन में बोलने का मौका ही नहीं मिला जबकि चुनाव से पूर्व व चुनाव के दौरान नए चेहरों को लाने की मांग थी। लेकिन पुराने नेता उन्हें सदन में चुप कराते हुए नजर आए। श्रीमती धामी ने कहा कि अगर पानी बिलों में वृद्धि की जा रही है तो शहर में नियमित और स्वच्छ पानी देने की जिम्मेदारी भी प्रशासन व नई सरकार की है। लेकिन शहर के किसी भी वार्ड में पानी न तो नियमित है और ना ही स्वच्छ है। इसलिए हम इस पानी बिलों के बढ़ोत्तरी का विरोध करते हैं और इसे तुरंत वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

# उल्हासनगर में 14 बिल्डिंग गिराई गईं

■ 3 साल में 14 खतरनाक बिल्डिंग पर मनपा ने की कार्रवाई





**उल्हासनगर.** असिस्टेंट कमिश्नर गणेश शिम्पी ने बताया कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने 3 साल में 14 खतरनाक बिल्डिंग पर तोड़क कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ का खर्च बिल्डिंग मालिकों के प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़ने का फैसला किया है।

उल्हासनगर में बिल्डिंग और स्लैब गिरने से हुए हादसों में लोगों की जान गई है। मरने वालों के परिवारों को पैसे की मदद नहीं मिली है। संबंधित बिल्डिंग को दोबारा नहीं बनाया गया है।

जब खतरनाक बिल्डिंग का मामला सामने आया, तो राज्य सरकार ने गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन को रेगुलर करने के लिए ऑर्डिनेंस में बदलाव किया और खतरनाक बिल्डिंग को फिर से बसाने का ऑप्शन सुझाया। म्युनिसिपल एनक्रोचमेंट डिपार्टमेंट ने पिछले 3 साल में एक प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर की मदद से 14 बिल्डिंग पर एक्शन लिया।

खतरनाक बिल्डिंग पर एक्शन लेने के बाद, कॉन्ट्रैक्टर को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को एक डिटेल्ड बिल जमा करना होता है। बिल्डिंग मालिकों को इस बिल के बारे में बताना और कार्रवाई के दौरान निकले लोहे और दूसरे सामान का कैसे निपटारा किया गया, इसका हिसाब देना भी ज़रूरी है।

चूंकि इस बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है, इसलिए ठेकेदारों के बिलों पर शक जताया जा रहा है। शहर में कई बेकार बिल्डिंगें खाली पड़ी हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की जा रही है। इसलिए, आने वाले दिनों में खतरनाक कंस्ट्रक्शन को लेकर नगर निगम क्या रुख अपनाएगा? इस पर सबका ध्यान है।

## बदलापुर में अब तक 5 गिरफ्तार

**बदलापुर.** राज्य महिला आयोग की सभापति रूपाली चाकणकर ने बताया है कि बदलापुर में फीमेल स्पर्म स्मगलिंग केस में शामिल IVF सेंटर और सोनोग्राफी सेंटर के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। साथ ही, इस केस में नासिक का मालती IVF सेंटर ठाणे में चल रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम उसी सेंटर के जरिए किया जा रहा है। फीमेल स्पर्म स्मगलिंग केस में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि ये सभी पांच लोग फर्जी डॉक्यूमेंट्स के जरिए अपनी पहचान छिपाकर फीमेल स्पर्म की स्मगलिंग करते थे। साथ ही, यह रैकेट बदलापुर ठाणे तक ही लिमिटेड नहीं है, बल्कि इसकी मौजूदगी की वजह से यह पूरे राज्य और राज्य के बाहर भी फैल चुका है, रूपाली चाकणकर ने कहा।

## आठवले ने जेल से बाहर निकालने में मदद की -पप्पू कालानी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर आरपीआय आठवले पक्ष द्वारा आयोजित पत्रकार परिषद में पूर्व विधायक पप्पू कालानी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मैंने आरपीआय पक्ष में प्रवेश नहीं किया है मेरा परिवार अब शिवसेना के साथ है तो मैं भी उन्हीं के साथ हूं और शिवसेना व आरपीआय भाई-भाई ही हैं।

इस पत्रकार परिषद में शिवसेना के नगरसेवक नाना बागुल को आरपीआय उल्हासनगर का जिलाध्यक्ष पक्ष के पर्यवेक्षक सुरेश बारसिंघे ने घोषित किया है।

उल्हासनगर मनपा चुनाव के दौरान RPI नेता पंडित निकम ने कहा था कि पार्टी शिंदे सेना को नहीं, बल्कि BJP को सपोर्ट करती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अन्ना रोकड़े ने पिछले महीने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और पंडित निकम को पार्टी का जिलाध्यक्ष घोषित किया था। उन्होंने साफ किया था कि नाना बागुल को पार्टी प्रमुख रामदास आठवले के आदेश पर निकाला गया था। वहीं रविवार को RPI नेता और पार्टी ऑब्जर्वर सुरेश बारसिंघे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके घोषणा की कि नाना बागुल पार्टी के नए जिलाध्यक्ष होंगे।

इस पत्रकार परिषद में 2004 में आरपीआय के विधायक बने पप्पू कालानी भी मौजूद थे। पप्पू कालानी ने कहा कि मुझे एक पूर्व विधायक के तौर पर बुलाया गया है। उस समय नेताओं ने उन्हें आरपीआय का मल्फर पहनाकर उनका आरपीआय में स्वागत किया। उन्होंने भी उस समय हामी भरी लेकिन बाद में कहा कि मैंने आरपीआय में प्रवेश नहीं किया है। मेरी बेटी सीमा कालानी ने शिंदे सेना के चिन्ह पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। दूसरी तरफ, मेरे बेटे ओमी कालानी की टीओके ने शिंदे सेना के साथ 'दोस्ती का महागठबंधन' के तौर पर अलायंस किया और अपने सपोर्टर्स को शिंदे सेना के सिंबल पर जिताया। तो मैं अपने परिवार का ही समर्थन करूंगा। उन्होंने पत्रकार परिषद में यह भी कहा कि मुझे जो सजा लगी थी वो टिल डेथ की लगी थी मेरी बॉडी सिर्फ जेल से बाहर आएगी। उसमें भी मुझे सबसे ज्यादा मदद किसी ने की वो रामदास आठवले ने ही की।

## अंबरनाथ के वकील हुए एकजुट

■ आरोपी लड़की का बेल अप्लीकेशन केस नहीं लड़ेंगे

**अंबरनाथ.** भगवान श्रीराम के बारे में आक्षेपार्ह शब्द का वीडियो बनाकर वायरल करने वाली बदलापुर की लड़की पर अपराध दर्ज करके पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. उसकी जमानत रद्द हो इसके लिए अंबरनाथ चिखलोली कोर्ट के वकील एकजुट हो गए हैं. बदलापुर पुलिस ने आरोपी लड़की को वकीलों के न्यायालय में आने से पूर्व ही रविवार सुबह में न्यायालय में पेश करके न्यायालयीन कस्टडी में लिया है. वकीलों का कहना है कि उसके जमानत का केस कोई भी वकील अपने हाथ में नहीं लेगा. बदलापुर बजलंग दल की अध्यक्ष रानी ने कहा है कि हमने उस लड़की पर अपराध दर्ज कराया है. हमको विश्वास में लिए बिना और बिना बताए आरोपी लड़की को न्यायालय में पेश किया गया है. पुलिस इसके लिए कसूरवार है. पुलिस विभाग पर कार्रवाई करने की मांग उन्होंने की है. वकीलों ने कहा है कि हम सभी आरोपी के बेल पर आब्जेक्शन लेने वाले थे. लेकिन आरोपी लड़की को पुलिस ने सुबह 9.20 को न्यायालय में पेश किया. हम वकील समय पर आए तो पता चला कि आरोपी लड़की को न्यायालयीन कस्टडी में भेज दिया गया है. हम सब वकील उसका केस अपने हाथ में नहीं लेंगे. ऐसा वकीलों का कहना है. पता चला है कि लड़की देश के बाहर शिक्षा प्राप्त करके कुछ ही दिन पूर्व बदलापुर आई थी. लड़की के मां भाजपा महिला शहराध्यक्ष है. पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि लड़की द्वारा वायरल किया गया आक्षेपार्ह वीडियो कोई भी दूसरे को पोस्ट ना करें, वरना कार्रवाई की जाएगी.

## ठाणे ज़िले के 23 लोग दुबई में फंसे

■ ईरान-इज़राइल युद्ध



**कल्याण.** ईरान और इज़रायल के बीच युद्ध का असर इंटरनेशनल हवाई सेवाओं पर पड़ा है और जानकारी सामने आई है कि ठाणे ज़िले के 23 नागरिक अभी दुबई में फंसे हुए हैं। ये सभी नागरिक 23 फरवरी को घूमने के लिए दुबई गए थे। उन्हें तय शेड्यूल के मुताबिक रविवार को भारत लौटना था। लेकिन, युद्ध से जुड़े हालात के कारण फ़्लाइट सर्विस कैंसिल होने से उनकी वापसी की यात्रा पक्की नहीं हो पाई है।

दुबई में फंसे नागरिकों में ठाणे ज़िले के कल्याण, शहापुर और मुरबाड तालुका के यात्री शामिल हैं। कुल 23 लोगों में से 12 सीनियर सिटिज़न हैं। इस बीच, स्थानीय रिश्तेदारों ने अभी तक इस घटना के बारे में तहसील ऑफ़िस या पुलिस प्रशासन से आधिकारिक तौर पर संपर्क नहीं किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर मैसेज फैलने के बाद शहापुर तहसीलदार परमेश्वर कसुले ने तलाठास को संबंधित परिवारों से पूछताछ करने का निर्देश दिया है। युद्ध के हालात की वजह से इस स्थिति में फंसे नागरिकों के परिवार मांग कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें तुरंत मदद करें और उन्हें सुरक्षित उनके देश वापस लाएं।

### दुबई में फंसे पर्यटक

एकनाथ धनके (67), गुलाब धनके (62), शिवराम वालिम्बे (63), शुभांगी वालिम्बे (59), केशव वेखंडे (70), कविता वेखंडे (61), मधुकर पाटिल (72), मीनाक्षी पाटिल (64), बालू गायकर (70), वनिता गायकर (68), दशरथ हरड़ (74), शारदा हरड़ (65), किसन मोहपे (70), मीरा मोहपे (62), परशुराम गायकवाड़ (61), शुभांगी गायकवाड़ (53), रमेश धलपे (60), लता धलपे (52), वासुदेव शेलार (70), सपना शेलार (62), करुणा कापरे (59), अनीता धनके (71) साथ ही टूर मैनेजर मनीष सानप (49)।

### सड़क की खस्ता हालत आंदोलन की चेतावनी

**उल्हासनगर.** चोपड़ा कोर्ट से आंबेडकर नगर क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़क के बीच में दरार आने से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ गई है। वंचित बहुजन आघाड़ी के उल्हासनगर विभाग के अध्यक्ष ए. उज्ज्वल महाले ने आयुक्त को लिखित ज्ञापन दिया है। उल्हासनगर-3 चोपड़ा कोर्ट से लेकर डॉ. आंबेडकर चौक तक सड़क के बीच में बड़ी-बड़ी दरारें आने से नागरिकों का वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। अधिक यातायात वाले इस मुख्य मार्ग पर हर दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। मनपा को तुरंत सड़क की मरम्मत करनी चाहिए, नहीं तो एड. उज्ज्वल रतन महाले के साथ मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले को लिखित बयान देकर मनपा के खिलाफ एक मजबूत जन आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

## नाले की गंदगी से फैली दुर्गंध

■ शांति प्रकाश स्कूल के हजारों छात्र खतरे में



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप नंबर पांच स्थित धर्माजी पाटिल कॉलोनी में शांति प्रकाश स्कूल के पीछे बहने वाले नाले में जमा कचरे ने स्थानीय रहवासियों और स्कूली छात्रों की परेशानी बढ़ा दी है। नाले में प्लास्टिक, सड़ा कचरा और गंदा पानी जमा होने से पूरे क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो गया है।

रहिवासियों के अनुसार नाले की नियमित सफाई नहीं होने के कारण समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। शाम के समय बदबू इतनी अधिक हो जाती है कि आसपास खड़ा रहना भी मुश्किल हो जाता है। गंदे पानी के ठहराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

समाज सेवक संदीप सिंह ने इस संबंध में मनपा प्रशासन को शिकायत भी दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उनका आरोप है कि मनपा स्थानीय नागरिकों और स्कूल में पढ़ने वाले हजारों छात्रों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर नहीं है। प्रतिदिन बच्चों को इसी नाले के किनारे से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता व्याप्त है। नागरिकों ने तत्काल नाले की सफाई, कीटनाशक छिड़काव और संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय करने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी बीमारी के फैलने से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट

■ पांच लोगों के खिलाफ मामला

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ गांधीनगर इलाके में पुराने झगड़े को निपटाने के लिए एक महिला के घर में घुसकर दहशत फैलाने और तोड़फोड़ और चोरी करने की घटना सामने आई है। इस मामले में शुक्रवार को अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में पांच लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

गांधीनगर इलाके की रहने वाली चंदा रामसेवक गुप्ता का अपने पड़ोसियों बीरा मणिवेल और येलुमले राजलिंगम से झगड़ा हो गया था। चंदा गुप्ता इस झगड़े की रिपोर्ट करने पुलिस स्टेशन गई थीं। इस मौके का फ़ायदा उठाकर बीरा मनीवेल के रिश्तेदार, आरोपी हरि, रवि, तौला, भरत और मंदा (पूरा नाम पता नहीं, सभी स्वामीनगर के रहने वाले) 14 फरवरी की रात 11:30 बजे से 15 फरवरी की सुबह 1 बजे के बीच गुप्ता के घर में घुस गए। हाथों में लकड़ी के डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आए इन आरोपियों ने इलाके में खूब आतंक मचाया। उन्होंने घर में लगे टीवी, कूलर, खिड़की के शीशे और 3 CCTV कैमरे तोड़ दिए, जिससे लगभग 17 हज़ार रुपये का नुकसान हुआ। आरोपियों ने घर की अलमारी के लॉकर तोड़कर 10 चांदी के सिक्के, दीपक, कटोरी, पंजन, सोने की बालियां और कान के टॉप्स लूट लिए।

## अंबरनाथ नगरसेवक गट संख्या बल का मामला

## आज जिलाधिकारी दे सकते हैं फैसला!

■ जिलाधिकारी के निर्णय पर सबकी नजरें



**अंबरनाथ.** भाजपा एवं शिवसेना, राकांपा नगरसेवकों के गट संख्या बल का मामला जिलाधिकारी ठाणे के पास प्रलंबित है. आज सोमवार 2 मार्च को चौथी तारीख दी गई है. शाम तक पता चलेगा कि क्या निर्णय आया है या फिर तारीख दे दे गई है.

जिलाधिकारी के निर्णय पर नवनिर्वाचित नगरसेवकों, सभी पक्ष एवं शहर की जनता की नजर लगी हुई है. आपको बता दें कि अंबरनाथ नपा के सदस्य चुनाव के बाद किसी भी पक्ष को 30 का बहुमत प्राप्त नहीं हुआ है. राकांपा के चार नगरसेवकों ने पहले भाजपा को समर्थन देकर गट बना कर जिलाधिकारी को पेश कर दिया था. लेकिन बाद में इन्हीं चार नगरसेवकों ने शिवसेना को समर्थन देकर उनके गट में शामिल हो गए थे. भाजपा ने इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था. उच्च न्यायालय ने इस मसले को जिलाधिकारी के कोर्ट में डाल दिया. अब तक तीन तारीख हो गई है. निर्णय नहीं आया है. विदित हो कि अंबरनाथ नगर परिषद में शिवसेना के 27, भाजपा के 14, कांग्रेस के 12, राकांपा 4 और निर्दलीय 2 सदस्य हैं. कुल 59 नगरसेवक हैं. सत्ता के लिए कुल 30 नगरसेवक होना चाहिए. किसी भी पक्ष के पास ये आंकड़ा नहीं है. इसलिए विषय समिति सदस्य एवं सभापति के चुनाव नहीं हो पा रहे हैं. जबकि नगराध्यक्षा ने बजट सत्र की आम सभा का आयोजन किया. जिसमें शिवसेना-भाजपा के नगरसेवकों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुई. अनुमानित सन 26-27 का बजट जिलाधिकारी के पास भेज दिया गया है. लेकिन जिलाधिकारी द्वारा गट संख्या बल के मामले का अब तक निपटारा नहीं किया गया है. आज चौथी तारीख पर निर्णय आएगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है. जिस पर सभी पक्ष के नेताओं, नगरसेवकों एवं शहर की जनता की नजर लगी हुई है.

## कुत्ते के काटने से 7 साल के बच्चे की मौत, दूसरा घायल



**कल्याण.** मोहने गालेगांव इलाके में एक चौंकाने वाली घटना हुई जब कातकरी वाडा के 7 साल के खुशिल शंकर वाघे की आवारा कुत्ते के काटने से मौत हो गई। वहीं, एक और लड़का भी कुत्ते के काटने से घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। इस बीच, यह घटना तब सामने आई जब पार्षद ने इस घटना की शिकायत नगर निगम प्रशासन से की। कुत्ते के काटने के बाद खुशिल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खुशिल को कुत्ते ने काटा था, उसी समय एक और लड़के को कुत्ते ने काट लिया। यह लड़का घायल है और उसका इलाज चल रहा है। इसलिए, इस घटना को गंभीरता से लेते हुए ठाकरे सेना की पार्षद तेजश्री गायकवाड़ कल्याण-डोंबिवली नगर निगम मुख्यालय गईं, नगर आयुक्त और मेयर से मिलीं और आवारा कुत्तों को कंट्रोल करने की मांग करते हुए एक पत्र लिखा। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए एक स्पेशल टीम बनाई जानी चाहिए और आवारा कुत्तों की नसबंदी की जानी चाहिए, पार्षद गायकवाड़ ने मांग की।

## बदलापुर में स्कूल बस में छेड़छाड़

■ आरोपी गिरफ्तार

■ एक माह के भीतर दूसरी घटना



**बदलापुर.** बदलापुर में एक बार फिर नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ड्राइवर ने स्कूल बस में यह घिनौनी हरकत तब की जब वह 5वीं क्लास की स्टूडेंट को स्कूल से घर छोड़ रहा था. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन एक महीने के अंदर POCSO के तहत जुर्म की दूसरी घटना सामने आने से स्कूली लड़कियों की सुरक्षा का सवाल उठ खड़ा हुआ है।

यह घटना बदलापुर वेस्ट इलाके में एक स्कूल बस में हुई। आरोप है कि 38 साल के बस ड्राइवर ने शाम को स्कूल से घर लाते समय लड़की के साथ गंदी बातें कीं। डरी हुई पीड़िता ने घर जाकर अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया, और वे बदलापुर वेस्ट पुलिस स्टेशन पहुंचे और इस मामले में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद बदलापुर वेस्ट पुलिस ने स्कूल बस ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। क्योंकि पीड़िता अनुसूचित जाति की है, इसलिए इस मामले में एट्रोसिटी एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है। यह भी पता चला है कि जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन स्कूल बस में कोई महिला अटेंडेंट नहीं थी। इस बीच, स्कूल बस ड्राइवर को कल्याण सेशंस कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उसे 2 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। बदलापुर वेस्ट पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर किशोर शिंदे आगे की जांच कर रहे हैं।

## विट्ठलवाड़ी से दो बाल मज़दूर छुड़ाए गए

■ 10 साल के बच्चे 16 घंटे काम कर रहे थे

**ठाणे.** विट्ठलवाड़ी इलाके में बैग बनाने वाली एक फैक्ट्री पर रेड मारकर दस से बारह साल के दो बाल मज़दूरों को छुड़ाया गया है, और यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि उनसे 16-16 घंटे काम करवाया जा रहा था। इस गंभीर घटना का खुलासा ठाणे जिले में बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाली 'प्रथम' संस्था के सर्वे से हुआ, और उसके बाद लेबर डिपार्टमेंट ने तुरंत एक्शन लेते हुए संबंधित फैक्ट्री पर रेड मारी। इस संबंध में संबंधित फैक्ट्री मालिक के खिलाफ विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है. कल्याण लेबर कमिश्नर ऑफिस ने यह जानकारी दी है।

'प्रथम' संस्था ने विट्ठलवाड़ी इलाके में छोटे बच्चों की हालत का रिव्यू करने के लिए एक सर्वे किया था। इसी बीच, ऑर्गनाइज़ेशन को जानकारी मिली कि श्रीराम चौक पर एक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में नाबालिग बच्चे काम कर रहे हैं। जब लेबर डिपार्टमेंट की एक टीम ने संबंधित फैक्ट्री पर छापा मारा और जांच की, तो दस से बारह साल के दो बच्चे काम करते हुए पाए गए। इन बच्चों को बचाया गया और उनसे शुरुआती पूछताछ की गई।

### 16 घंटे तक करवाया जा रहा था काम

पूछताछ में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। इन बच्चों से हर दिन 16 घंटे तक काम करवाया जा रहा था। इस तरह की जबरन मजदूरी बच्चों की हेल्थ, एजुकेशन और ओवरऑल डेवलपमेंट के लिहाज से बहुत खतरनाक मानी जाती है। चाइल्ड लेबर प्रिवेंशन एक्ट के मुताबिक, नाबालिगों से इस तरह काम करवाना एक सज़ा का कानून है। इस बैकग्राउंड में, वेलफेयर और लेबर कमिश्नर ऑफिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई चल रही है। फैक्ट्री के कामकाज की भी पूरी जांच की जा रही है।

### आम सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि 2 मार्च सोमवार को होली एवं 3 मार्च को धूलिवंदन के कारण उल्हास विकास कार्यालय में अवकाश रहेगा. इस कारण मंगलवार एवं बुधवार का अंक प्रकाशित नहीं हो पाएगा. अगला अंक गुरुवार को प्रकाशित होगा.

-संपादक

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आगे आए उद्योग जगत

बजट के बाद 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह जो कहा कि भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए, उस पर उन्हें सकारात्मकता के साथ अपनी सक्रियता का परिचय देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया। कायदे से तो ऐसे किसी आग्रह की आवश्यकता ही नहीं पड़नी चाहिए।

उद्योग जगत को स्वतः सक्रिय हो जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं, जब प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को नवाचार के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित करने को कहा हो। वे इसके साथ ही यह भी कहते रहे हैं कि उद्योग जगत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम बनना चाहिए और शोध एवं विकास में निवेश करना चाहिए।

विडंबना यह है कि हमारे ऐसे बड़े कारोबारी भी यह काम नहीं कर रहे हैं, जिनके पास पूंजी की कोई कमी नहीं। वे नवाचार के नाम पर ऐसे नए काम अधिक हाथ में लेते हैं, जिनसे कम समय में आसानी से धन अर्जित किया जा सके। यही कारण है कि वे ऐसे कोई उत्पाद तैयार नहीं कर पा रहे हैं, जिनकी देश के साथ दुनिया में भी मांग हो। यह सामान्य बात नहीं कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बाद भी चंद भारतीय उत्पाद ही ऐसे हैं, जिनकी विश्व में थोड़ी-बहुत पहचान और प्रतिष्ठा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि भारतीय उद्योग जगत शोध एवं विकास में पैसा खर्च न कर पाने के कारण न तो चीनी उत्पादों का मुकाबला कर पा रहे हैं और न ही अपने उत्पाद विश्व बाजार में आसानी से खपा पा रहे हैं। जहां चीन में उद्योग जगत आर्थिक विकास का नेतृत्व करते दिखता है, वहीं भारत में कारोबारी सरकार के प्रोत्साहन पर भी तत्परता नहीं दिखाते।

एक-दो कारोबारी समूहों को छोड़ दिया जाए तो आम तौर पर हमारे कारोबारी वैश्विक स्तर की उत्पादकता हासिल करने के लिए सक्रिय नहीं। वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता भी विश्वस्तरीय बनाने के लिए उत्साही नहीं हैं। एक ऐसे समय जब सरकार एक के बाद एक देशों से मुक्त व्यापार समझौते कर रही हैं और इसके चलते शीघ्र ही कई विकसित देशों के बाजार भी भारतीय उद्योग जगत की पहुंच में होंगे, तब तो उन्हें इन समझौतों का पूरा लाभ उठाने के लिए कमर कसनी ही चाहिए।

# कठघरे में खड़ीं जांच एजेंसियां, नई व्यवस्था की जरूरत




दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में सीबीआई की राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपितों को बरी किया जाना जहां इन दोनों नेताओं और उनकी पार्टी के लिए एक बहुत बड़ी जीत है, वहीं जांच एजेंसी के साथ-साथ भाजपा के लिए बड़ा झटका है।

अदालत ने यह पाया कि पूरे मामले में कोई साजिश नहीं थी और सीबीआई ने केवल अनुमान के आधार पर षड्यंत्र की कहानी गढ़ी। विशेष जज ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मैं पहली बार ऐसी चार्जशीट देख रहा हूं, जिसमें इतनी अधिक खामियां हैं। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही।

जब केजरवाल सरकार नई आबकारी नीति लाई थी तो कांग्रेस-भाजपा ने इसे घोटाले का नाम दिया। इसके बाद उपराज्यपाल की पहल पर मामला दर्ज हुआ और जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस दौरान ऐसे आरोप उछले कि आबकारी नीति के जरिये कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने से दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

इस मामले में सीबीआई के बाद ईडी ने भी दखल दिया, लेकिन सीबीआई का केस खारिज होने के बाद ईडी के मामले के भी खारिज होने के आसार हैं। इन दोनों जांच एजेंसियों ने इस कथित घोटाले को लेकर पर्याप्त साक्ष्य होने के दावे किए और फिर एक के बाद एक कई लोगों को गिरफ्तार किया। प्रमुख लोगों में पहले मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए और फिर अरविंद केजरीवाल। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकी।

हालांकि सीबीआई केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को बरी करने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट गई है, पर राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने उसके खिलाफ जैसी टिप्पणियां की हैं, उनसे यह संदेह होता है कि कहीं सीबीआई ने मनमाने तरीके से तो जांच नहीं की? यही सवाल ईडी को लेकर भी है।

ध्यान रहे कि न जाने कितने ऐसे मामले हैं, जिनमें सीबीआई प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मिली शक्तियों के सहारे नेताओं, कारोबारियों समेत अन्य अनेक लोगों को घपले-घोटालों के आरोप में गिरफ्तार कर लेती है और फिर उनमें से अधिकांश साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते हैं, लेकिन जब तक ऐसा होता है, तब तक संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर आंच आ चुकी होती है और उसकी भरपाई नहीं हो पाती।

इसीलिए राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने कहा कि जब किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित हो जाती है तो उसके बरी होने के बाद भी वह सार्थक रूप से बहाल नहीं होती और अन्यायपूर्ण हिरासत से हुई क्षति की पूर्ति भी नहीं हो पाती। वास्तव में ऐसे लोगों को आर्थिक के साथ सामाजिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। नेता भी नुकसान उठाते हैं, लेकिन बरी होने के बाद वे लोगों की हमदर्दी हासिल कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करते हैं।

उन्हें यह प्रचारित करने में आसानी होती है कि वे राजनीतिक बदले की कार्रवाई का शिकार हुए। इस पर हैरानी नहीं कि केजरीवाल ने ऐसा कहना शुरू कर दिया है। उन्हें नई राजनीतिक ऊर्जा मिली है और इसका असर आने वाले दिनों में पंजाब, गुजरात और दिल्ली की राजनीति में दिख सकता है। चूंकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के वोट में सेंधमारी करती है, इसलिए उसका चिंतित होना स्वाभाविक है।

अब यह आम बात है कि घपले-घोटालों के कई मामलों में सीबीआई के साथ ईडी भी जांच शुरू कर देती है। जब ईडी किसी को गिरफ्तार करती है तो उसे जमानत मिलना कठिन हो जाता है। कई बार जमानत इसलिए नहीं मिलती, क्योंकि सीबीआई और ईडी की ओर से इस पर जोर दिया जाता है कि जेल से बाहर आने पर आरोपित गवाहों को प्रभावित कर सकता है। कहना कठिन है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट गई सीबीआई को क्या हासिल होगा, लेकिन जब तक हाई कोर्ट भिन्न निर्णय नहीं देता, तब तक भाजपा एवं मोदी सरकार को केजरीवाल और उनके साथियों की आलोचना का सामना करना होगा।




**जो उपहार इस जीवन के बाद भी हमारे साथ जाएगा, वो है आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति। इस उपहार को हम ध्यानाभ्यास के द्वारा पा सकते हैं।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

# विवादों के केंद्र में शंकराचार्य



शंकराचार्य भारत की अनोखी त्याग परंपरा का विस्तार हैं। आदि शंकराचार्य ने विश्व दर्शन को अद्वैत दर्शन से समृद्ध किया। अल्प आयु में ही उन्होंने 11 प्रमुख उपनिषदों, गीता और ब्रह्मसूत्र का भाष्य किया। सांस्कृतिक एकता के लिए पूरे देश का भ्रमण किया। बौद्ध एवं अन्य विद्वानों से उनका शास्त्रार्थ हुआ। उन्हें सभी स्थानों पर विजय मिली।

शंकराचार्य के भ्रमण को उस समय दिग्विजय कहा गया। उन्होंने सांस्कृतिक विचारधारा को प्रवाहमान बनाने के लिए चार मठों की स्थापना की। कर्नाटक में श्रृंगेरी, उत्तराखंड में जोशीमठ, ओडिशा में पुरी और गुजरात में द्वारका। उनके चार विद्वान शिष्यों ने मठों का नेतृत्व किया। उन्होंने चारों वेदों को प्रतिष्ठा दी।

सभी मठों को एक वेद से जोड़ा-श्रृंगेरी पीठ, कर्नाटक-यजुर्वेद, द्वारका पीठ, गुजरात-सामवेद, पुरी पीठ, ओडिशा-ऋग्वेद, ज्योतिर्मठ, उत्तराखंड-अथर्ववेद। वे द्रष्टा थे। अद्वैत वेदांत उनका दर्शन था। डॉ. एस. राधाकृष्णन ने उन्हें असाधारण प्रतिभाशाली व्यक्ति बताया था।

दुर्भाग्य से आधुनिक काल के शंकराचार्य अपने कार्य व्यवहार से निराश करते हैं। वे प्रेरित नहीं करते। उत्साह और उल्लास नहीं देते। वे व्यापक हिंदू समाज को कोई ठोस एवं प्रभावी दिशा नहीं देते। इन दिनों स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रशासन और शासन से विवाद के कारण लगातार चर्चा में हैं। इस विवाद की शुरुआत प्रयागराज में माघ मेले में स्थानीय प्रशासन के बीच टकराव से हुई थी। मौनी अमावस्या पर्व पर स्वामी जी पारंपरिक पालकी से स्नान के लिए निकले।

प्रशासन ने उनका ध्यान भीड़ प्रबंधन की ओर आकर्षित किया और उनसे पैदल चलने का अनुरोध किया। इसके बाद उनके अनुयायियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। आचार्य के अनुयायियों के अनुसार शिष्यों के साथ दुर्व्यवहार हुआ। स्वामी जी ने इसे शंकराचार्य का अपमान बताया और बिना स्नान किए लौट आए। प्रशासन ने स्वामी जी को लिखित चेतावनी दी। नोटिस में उन पर सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन आदेश का उल्लेख करते हुए पूछा गया कि वे अपने शिविर के बाहर बोर्ड पर शंकराचार्य शब्द का प्रयोग कैसे कर रहे हैं? पता नहीं इस विवाद का पटाक्षेप कैसे और कब होगा, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि हम भारत के लोग साधु-संतों को सम्मान से देखते हैं। गीता में संन्यासी की परिभाषा है, 'जो इच्छारहित है, सभी द्वंद्वों से मुक्त है, वही संन्यासी है।' आदि शंकराचार्य ऐसे ही दार्शनिक संन्यासी थे। साधना की सिद्धि प्राप्त संत हैं। महतत्व के बोध वाला महंत है, लेकिन आज के शंकराचार्य संभवतः ऐसा नहीं मानते। वे स्वयं के सम्मान के लिए झगड़ा करते हैं। कोर्ट-कचहरी में पदों की लड़ाई लड़ते हैं।


ऐसा पहले से भी होता आ रहा है। मठों-पीठों की संपदा को लेकर भी झगड़े होते रहे हैं और वे अंग्रेजी राज में ही प्रिवि काउंसिल तक जा चुके थे। पीवी काणे ने 'धर्मशास्त्र का इतिहास' में लिखा है कि मठों में अधिकार क्षेत्र आदि को लेकर झगड़े होते रहे हैं।

प्रथम शंकराचार्य ने मठों के संचालन के लिए 'मठाम्नाय महानुशासन' की नियमावली बनाई थी। मठाम्नाय का अर्थ है महानुशासन। शंकराचार्य दर्शन और अध्यात्म के परम विद्वान थे। उन्होंने काम करते हुए अनुभव कर लिया था कि सांसारिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में संलग्न व्यक्ति धर्म प्रचार का कार्य नहीं कर सकेगा। इसलिए उन्होंने संसार त्यागी सुयोग्य ब्रह्म पारायण संन्यासियों को धर्म प्रचार का कार्य सौंपा और सबके लिए अनुशासन पालन का नियम बनाया। शंकराचार्यों को उससे शासित होना चाहिए।

# आदमी के गले में बांधी चेन, चेहरे पर बनाया भेड़िये का मास्क

जरा हट के

आजकल लोग फेमस होने के लिए क्या कुछ नहीं करते. कोई नाचता-गाता है तो कोई कॉमेडी या एक्टिंग वीडियोज बनाता है. कुछ लोग तो पब्लिक प्लेस में ऐसी हरकतें करते हैं कि लोगों की नजरों में आ जाते हैं. हाल ही में ऐसा ही दो आदमियों ने भी किया. इन दिनों हॉन्डुरास शहर की एक घटना तेजी से चर्चा में है जिसमें एक शख्स भेड़िये का मास्क पहनकर एयरपोर्ट पर अपने दो हाथ, दो पैर पर चलता दिख रहा है और एक आदमी चेन से पट्टा बांधकर उसे घुमाता नजर आ रहा है.



नीड टू नो वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार 23 फरवरी को हॉन्डुरास के एयरपोर्ट कोमायागुआ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक चौंकाने वाली घटना देखने को मिली. यहां पर एक यात्री ने भेड़िये का मास्क पहना और उसे दूसरा आदमी चेन से बांधकर टहलाने निकला. इससे पहले उसी मास्क वाले को एक टोल बूथ के पास गाड़ियों के बीच घूमते देखा गया था. माना जा रहा है कि वो शख्स एक थेरियन है, यानी वो शख्स जो खुद को साइकोलॉजिकल और स्पिरिचुअल लेवल पर जानवर समझता है. ये क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. इसमें एक आदमी, शख्स को चेन से पकड़ा है. आदमी दोनों हाथों और पैरों से जमीन पर चल रहा है. उसके आसपास दो बच्चे भी नजर आ रहे हैं जो उसे परेशान करने की कोशिश कर रहे हैं. शख्स उन्हें डराने की कोशिश कर रहा है. लोगों का कहना है कि वो आदमी नाटक नहीं कर रहा, या फिर दूसरों को एंटरटेन नहीं कर रहा है, बल्कि वो खुद को जानवर समझता है. आजकल ये ट्रेंड तेजी से चर्चा में है, जिसके तहत लोग खुद को जानवर समझते हैं.

इस वीडियो पर लोग अलग-अलग प्रकार की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. कुछ लोगों का कहना है कि थेरियन्स आ गए हैं. वहीं एक का कहना है कि ये बहुत खराब बात है, और उससे भी खराब ये है कि वहां खड़े बच्चे ये सब देख रहे थे. ये देखकर दुख हो रहा है कि हमारा समाज कैसे गर्त में गिरता जा रहा है. एक ने कहा कि इसे घर बुला लेता हूं, मेरे घर के चूहे ये खा जाएगा.

खाना-खजाना

# आलू चोखा व आलू पिटिका

**सामग्री :**

- 2 उबले हुए आलू
- आधा कटा हुआ प्याज
- 1 कटी हुई हरी मिर्च
- बारीक कटा हुआ धनिया



- नमक स्वादानुसार
- सरसों का तेल
- एक छोटा चम्मच बारीक कटा हुआ लहसुन
- नींबू

**विधि :**

दो आलू को धोकर कुकर में अच्छी तरह उबाल लें। जब आलू ठंडा हो जाए तो मैश करके उसमें प्याज, नमक, हरी मिर्च, सरसों का तेल डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इसमें कटा हुआ धनिया और नींबू का रस मिला दें। आप चाहें तो इस मिक्सचर में पका हुआ बैंगन भी मैश करके मिला सकते हैं। आलू के चोखे को जहां बिहार में दाल-भात के साथ साइड डिश की तरह परोसा जाता है वहीं आलू के साथ मैश किया गया बैंगन का चोखा लिट्टी में मेन डिश की तरह होता है।

### आलू पिटिका

**सामग्री :**

- 3-4 उबले हुए आलू
- लंबे आकार में कटा हुआ 1 प्याज
- 1-2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई
- सरसों का तेल
- कटा हुआ धनिया
- नमक स्वादानुसार

**विधि :**

कुकर या गहरे बर्तन में आलू उबाल लें और ठंडा होने पर छिलका उतारकर अच्छी तरह मैश कर लें। अब इसमें कटा हुआ प्याज, हरी मिर्च, नमक डालकर मिला लें।



इसमें तेल डालकर मिक्स कर लें और ऊपर से कटा हुआ हरा धनिया डाल दें। इसे आप साइड डिश की तरह कढ़ी-चावल या फिर दाल-चावल के साथ खा सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**वृषभ** : स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें।

**मिथुन** : पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** : घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दु:खद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

**सिंह** : प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**कन्या** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** : उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु** : अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कुंभ** : रुका धन मिलेगा। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें।

**मीन** : क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। जोखिम न लें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# होली की मस्ती में न पड़े खलल

**डॉक्टर से जानें स्किन, सांस और फूड एलर्जी से बचने का सही तरीका**

होली का त्योहार कुछ ही दिनों में आने वाला है। यह हिंदू धर्म के सबसे अहम पर्वों में से एक है, जिसे हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। रंगों का यह त्योहार अपने साथ ढेर सारी खुशियां और मस्ती लेकर आता है।
हालांकि, इस दौरान रंगों से खेलने की वजह से कई लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। कई लोगों को होली में खेले जाने वाले रंगों से एलर्जी की समस्या होने लगती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे रंगों से कैसे हो सकती है एलर्जी और कैसे करें इससे अपना बचाव–

**रंग खेलने से पहले और और बाद में क्या करें?**




### कब होती है एलर्जी?

यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-20, फरीदाबाद में इंटरनल मेडिसिन के डायरेक्टर डॉ. राजीव चौधरी बताते हैं एलर्जी तब होती है जब हमारा शरीर धूल, रसायनों (केमिकल्स) या कुछ खाने-पीने की सामान्य चीजों पर जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया करता है। इन चीजों को 'एलर्जेन' कहा जाता है। होली के समय हवा में उड़ने वाली धूल और मिलावटी रंगों के कारण त्वचा और सांस से जुड़ी एलर्जी का खतरा काफी बढ़ जाता है।

### होली के दौरान होने वाली प्रमुख एलर्जी और उनके लक्षण:

**सांस की एलर्जी:** हवा में मौजूद धूल और केमिकल वाले गुलाल के कारण लगातार छींक आना, नाक बहना या बंद होना, गले में खराश, आंखों में खुजली और खांसी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं।

**त्वचा की एलर्जी:** मिलावटी या पक्के रंगों के संपर्क में आने से त्वचा लाल हो सकती है, उस पर खुजली वाले चकत्ते (रैशेस) पड़ सकते हैं या दाने निकल सकते हैं।

**खान-पान की एलर्जी:** होली की खास मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले दूध या मेवों (नट्स) से भी कुछ लोगों को रिएक्शन हो सकता है। गंभीर मामलों में सांस लेने में तकलीफ या चेहरे और होंठों पर सूजन आ सकती है।

### सेफ होली खेलने के टिप्स...

- **हर्बल रंगों का चुनाव :** एलर्जी से बचने के लिए मिलावटी और केमिकल वाले रंगों से बचना चाहिए। हमेशा नेचुरल, त्वचा के लिए सेफ या घर के बने हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें।
- **त्वचा और बालों की सुरक्षा :** रंग खेलने जाने से पहले अपने पूरे शरीर और बालों पर अच्छी तरह नारियल तेल या लोशन लगाएं। ऐसे कपड़े पहनें जिससे शरीर का ज्यादातर हिस्सा ढका रहे।
- **साफ-सफाई का ध्यान :** रंग खेलने के तुरंत बाद नहा लें, ताकि शरीर पर लगा केमिकल साफ हो जाए। साथ ही, घर में भी धूल-मिट्टी न जमने दें।
- **खुद से दवा न लें :** अगर आपको एलर्जी के कोई भी लक्षण दिखें, तो इंटरनेट देखकर या अपनी मर्जी से दवा न खाएं। सही इलाज के लिए हमेशा डॉक्टर की सलाह लें।
- **इमरजेंसी दवाएं साथ रखें :** जिन लोगों को पहले से ही गंभीर एलर्जी या अस्थमा की शिकायत है, उन्हें अपनी जरूरी दवाएं (जैसे एंटीहिस्टामाइन, इनहेलर या एपिनेफ्रिन इंजेक्शन) हमेशा अपने पास रखनी चाहिए।
- **इम्युनिटी मजबूत बनाएं :** पौष्टिक खान-पान, भरपूर नींद और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर आप अपनी इम्युनिटी को मजबूत कर सकते हैं, जिससे शरीर पर एलर्जी का असर कम होता है।

# ब्लड प्रेशर कितनी बार चेक करना चाहिए?

**कार्डियोवैस्क्युलर सर्जन ने बताया साइलेंट किलर से बचाव का आसान तरीका**



ब्लड प्रेशर वो दबाव जो खून को धमनियों से गुजरने के लिए जरूरी है. व्यस्कों के लिए नॉर्मल बीपी 120/80 मिमी एचजी से कम होता है.इससे ज्यादा बीपी हार्ट की बीमारियों के खतरे को बढ़ता है.इसे साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि लोगों लंबे समय तक इसके बारे में पता नहीं लगता और सीधे दिल की कमजोरी के रूप में सामने आता है.

WHO की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग चार में से एक व्यस्क हाइपरटेंशन का शिकार है. ऐसे में बोर्ड-सर्टिफाइड कार्डियोवैस्क्युलर सर्जन डॉ जेरेमी लंदन का ये पोस्ट आपके लिए बहुत मददगार साबित हो सकता है. एक्सपर्ट ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में रेगुलर ब्लड प्रेशर टेस्ट की सलाह दी है. उनका कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल की बीमारियों का एक बड़ा जोखिम कारक है, लेकिन अच्छी बात यह है कि इसे रोका और कंट्रोल किया जा सकता है.

### बीपी को न बनने दें सीरियल किलर

डॉ. लंदन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर दिल की बीमारियों के उन जोखिम कारकों में से है जिन्हें बदला और कंट्रोल किया जा सकता है. फिर भी, अक्सर लोग तब तक इसे नजरअंदाज करते रहते हैं जब तक कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आ जाती. आज की आपकी रोजमर्रा की आदतें आने वाले वर्षों में आपके ब्लड प्रेशर को काफी प्रभावित कर सकती हैं.ऐसे में वेट कंट्रोल रखें, रेगुलर एक्सरसाइज करें और शराब का सेवन सीमित करें.

### कितनी बार करें टेस्ट

डॉ. लंदन के अनुसार, साल में एक बार हेल्थ चेकअप के दौरान ब्लड प्रेशर मापना काफी नहीं है, अगर आप सच में अपनी दिल की सेहत को समझना चाहते हैं. ब्लड प्रेशर को दिन में दो बार मापें. एक बार सुबह और एक बार शाम को. इससे समय के साथ आपके औसत स्तर को समझने में मदद मिलती है और सही कंट्रोल संभव हो पाता है.

### इस बात का ध्यान रखें

यदि आपका बीपी हाई आ रहा है और लाइफस्टाइल में बदलाव से भी कंट्रोल नहीं हो रहा है, तो बिना देरी डॉक्टर से परामर्श करें. हर व्यक्ति में केवल लाइफस्टाइल बदलाव से फायदा नहीं होता. ऐसे मामलों में डॉक्टर द्वारा दी गई दवाएं जरूरी हो जाती हैं. दवाओं को नियमित और सही तरीके से लेना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में गंभीर दिल की बीमारियों का खतरा कम हो सके.

# मधुकामिनी की खासियत



-मधुकामिनी एक खूबसूरत और सुगंध देने वाला पौधा है. इसे आसानी से घर के अंदर लगाया जा सकता है. हालांकि, बहुत कम लोग ही इस पौधे के बारे में जानते हैं. इसके औषधीय गुणों के बारे में आप जान लेंगे तो जरूर अपने इनडोर प्लांट की लिस्ट में शामिल कर लेंगे. मधुकामिनी के सिर्फ फूल ही नहीं, बल्कि पत्ते और जड़ों का इस्तेमाल आयुर्वेद में होता है. इस पौधे के फूलों की मनमोहक सुगंध मानसिक तनाव कम करने में मदद करती है. हार्मोन को संतुलित करती है.

-मधुकामिनी के जड़ से तैयार पाउडर भी आप मार्केट से खरीद सकते हैं. ये पाउडर शरीर के लिए टॉनिक की तरह काम करता है. अगर पेट या पाचन से जुड़ी परेशानी है तो पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं. जड़ से बना ये पाउडर मंद पाचन अग्नि को तेज कर देता है.

-आपके गले में दर्द या खिचखिच महसूस हो या फिर सांस लेने में परेशानी हो, तब मधुकामिनी के फूलों को उबालकर काढ़ा बनाएं और सेवन करें. इससे गला साफ होता है. अंदरुनी सूजन भी कम होती है. काढ़े में इसके पत्तों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं.

-दांतों में दर्द या सूजन हो तो इसके पत्ते चबाने से आराम मिल सकता है. इसके पत्तों में सूजन रोधी गुण होते हैं, जो दर्द में राहत देने में मदद करते हैं.

-मधुकामिनी से तैयार परफ्यूम ऑयल का प्रयोग थेरेपी के लिए किया जाता है. जिन लोगों को तनाव, मानसिक थकान की वजह से अच्छी नींद नहीं आती है, उनके लिए मधुकामिनी का परफ्यूम ऑयल एक बेहतरीन ऑप्शन है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### चार साल से बंद बिरयानी की दुकान में रखे फ्रीजर के अंदर से मिला युवक को शव

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ में चार साल से बंद बिरयानी की दुकान में रखे डीप फ्रीजर के अंदर से एक युवक युवक का शव मिला तो हड़कंप मच गया। पुलिस महकमे तक ये सूचना पहुंची तो आनन-फानन में मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को फ्रीजर से निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फ्रीजर के अंदर मिला युवक कौन था पुलिस इसकी जांच पड़ताल में जुटी है। घटना बीकेटी थाना क्षेत्र के जीसीआरजी कॉलेज के सामने स्थित एक बिरयानी की दुकान की है। पुलिस के अनुसार दुकान पिछले चार साल से बंद थी। दुकान के अंदर एक डीप फ्रीजर रखा था, जिसके अंदर एक युवक को शव मिला है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार चार साल पहले दुकान संचालक सनी रावत के पिता को कुछ समय पहले देहांत हो गया था, जिसके चलते अंतिम संस्कार के दौरान दुकान बंद कर दी गई थी। अब दुकान मालिक वापस दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो उसे दुकान के अंदर से कुछ दुर्गंध आनी शुरू हुई। डीप फ्रीज खोलकर देखा तो होश फाख्ता हो गए। फ्रीजर के अंदर एक व्यक्ति का शव रखा था। शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। इसकी खबर आग की तरह फैल गई। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### शिक्षक सुसाइड केस में ऐक्शन से खलबली, BSA को 4 जिलों में तलाश रही पुलिस

**देवरिया.** देवरिया शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह खुदकुशी प्रकरण में बीएसए के निलंबन और पूर्व प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी के बाद बीएसए कार्यालय में खलबली मची है। गोरखपुर पुलिस देवरिया में प्रकरण की जांच को डेरा डाले हुए है। पुलिस सूत्रों की मानें तो प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है। इसके साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। निलंबित बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, लिपिक संजीव सिंह समेत कई लोगों के मोबाइल नंबर बंद होने के चलते पुलिस को सटीक लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। पुलिस की चार टीमें बीएसए और लिपिक को चार जिलों में ढूंढ रही हैं। पुलिस जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर लेने का दावा कर रही है।

### AC फर्स्ट में NCC कैडेट से रेप के बाद फरार TTE का भाई गिरफ्तार

**वाराणसी.** वाराणसी-भटनी रेल खंड पर चलती ट्रेन के एसी प्रथम श्रेणी कोच में सीट दिलाने का झांसा देकर एनसीसी कैडेट के साथ दुष्कर्म करने वाले टीटीई को संरक्षण देने वाले उसके भाई को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। वह रेलवे में मालबाबू है छपरा में तैनाती है। वहीं फरार टीटीई की गिरफ्तारी के लिए जीआरपी ने बिहार और नेपाल में जाल बिछा दिया है। जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी कर लेने का पुलिस अधिकारियों का दावा है। फरार टीटीई पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

मऊ जिले की रहने वाली एनसीसी कैडेट को सीट दिलाने के नाम पर पिछले दिनों अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस के एसी प्रथम श्रेणी कोच में टीटीई राहुल कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। वह परीक्षा देकर मऊ से लौट रही थी। बिना टिकट ट्रेन में बैठ गई थी। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध जीआरपी देवरिया में केस दर्ज है। पुलिस जांच में सामने आया कि पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के समारा सदिसोपुर का रहने वाले आरोपी टीटीई का भाई गणेश कुमार गुप्ता उसे संरक्षण दे रहा है। छपरा में तैनात उसका भाई रेलवे में मालबाबू है।

# अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 1200 बम गिराए

## सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत | बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारी गईं

- ईरान में 200 की मौत, 740 घायल
- ईरान बोला- खतरनाक बदला लेंगे





**तेहरान.** इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है।

उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की।

खामेनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।'

इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। हमला कुछ देर में शुरू होगा और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।

### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया।

ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व UAE में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने UAE के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया।

ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

# बंगाल में SIR के बाद 61 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए

- 1.2 करोड़ तक जा सकता है आंकड़ा

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में पिछले चार महीनों से जारी 'विशेष गहन संशोधन' (SIR) की प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में राज्य के चुनावी परिदृश्य की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। इस बार मतदाता सूची में 8 प्रतिशत (लगभग 61 लाख) की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अन्य 60 लाख मतदाताओं के नाम जांच के घेरे में हैं।

शनिवार शाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, बंगाल की नई मतदाता सूची में 7.04 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। अक्टूबर में जब प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, सबसे अधिक पुरुष मतदाताओं की संख्या 3,60,22,642 है। इसके बाद महिला मतदाताओं की संख्या 3,44,35,260 है। वहीं बंगाल में थर्ड जेंडर वोटर की संख्या 1,382 है। अब तक 63,66,952 नाम हटाए गए हैं। ये या तो मृत हो गए हैं या फिर कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं।

# पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला

- अमरीकी सैनिकों ने 10 को मार गिराया



**कराची.** अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हवाई हमला जारी है। ईरान भी इजराइल पर और मिडिल ईस्ट के 9 देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर रहा है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई है।

पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने खामेनेई की मौत के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 10 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं।

ईरान का मिडिल ईस्ट के राज्यों पर लगातार हमला जारी है। आज सुबह से कतर, दुबई, अबू धाबी में मिसाइ-ड्रोन से अटैक हो रहे हैं। कतर में मौजूद भारतीयों ने हमले के वीडियो भी शेयर किए हैं।

इधर, मिडिल ईस्ट में बिगड़ते हालात के चलते सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (CBSE) ने मिडिल ईस्ट के देशों में 2 मार्च से होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

इनमें बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में नाम शामिल हैं। एग्जाम की नई तारीखों का ऐलान जल्द किया जाएगा।

### नेतन्याहू की ईरानी लोगों से अपील, कहा- हाथ से मत जाने दो ऐसा मौका



इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत हो चुकी है। इन हमलों के बाद ईरान समेत दुनिया के तमाम देशों में शिया समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। अब इस घटनाक्रम के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरानी लोगों से सड़क पर उतरकर सत्ता को अपने हाथ में लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसा मौका सदियों में एक बार आता है, इसलिए ऐसा मौका अपने हाथ से जाने मत दो, लाखों की संख्या में सड़कों पर उतरो और सत्ता को अपने हाथ में ले लो।

# कोई कह दे मैंने पैसे मांगे, राजनीति छोड़ दूंगा

- अरविंद केजरीवाल ने दे दिया चैलेंज



**नई दिल्ली.** दिल्ली कोर्ट की तरफ से कथित शराब घोटाला मामले में आरोपमुक्त किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने खुद को कट्टर ईमानदार बताते हुए चैलेंज दे दिया कि अगर कोई ये साबित कर दे कि उन्होंने रिश्वत ली है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी उनसे नफरत करते हैं और इसीलिए उन्होंने जांचे बैठा दी।

अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर पर आयोजित रैली में कहा, मुझे IIT में बहुत अच्छे अंक मिले थे। मैं पढ़ाई में अच्छा था। अगर मैं चाहता तो अमेरिका पढ़ने जा सकता था। मेरे कई दोस्त अमेरिका गए थे। लेकिन उस समय मेरे मन में एक विचार आया: हमारे देश की हालत बहुत खराब है। अगर हम सभी पढ़े-लिखे लोग IIT और बड़े संस्थानों से पढ़ाई करने के बाद अमेरिका चले जाएंगे, तो हमारे देश की देखभाल कौन करेगा? हमारे देश को कौन सुधारेगा? मैं अमेरिका नहीं गया। मैं भारत में ही रहा। मुझे नहीं पता कि प्रधानमंत्री मोदी मुझसे इतनी नफरत क्यों करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरे खिलाफ अनगिनत जांचें करवाईं। दस साल में भ्रष्टाचार का एक पैसा भी नहीं मिला। अगर दिल्ली सरकार का कोई ठेकेदार, कोई वेंडर खड़ा होकर यह कहे कि केजरीवाल ने मुझसे पैसे मांगे थे, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, बस मार्शलों, महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर करने को लेकर कई वादे किए गए लेकिन कोई भी भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बीजेपी की सरकार को धोखेबाज बताते हुए कहा कि आज लोग केजरीवाल की सरकार को याद करते हैं कि इससे तो अच्छा अरविंद केजरीवाल था। इसी के साथ उन्होंने बीजेपी को खुली चुनौती भी दे डाली कि वह

### सोनम वांगचुक से डरते हैं पीएम मोदी- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी की सरकार ने 12 साल में देश को बर्बाद कर दिया। उन्होंने पीएम मोदी को को नौटंकीबाज कहते हुए कहा कि पूरे देश में पेपर लीक हो रहे हैं, और ये परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मोदीजी कहते हैं केजरीवाल भ्रष्ट है। कोर्ट ने कह दिया, केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी सोनम वांगचुक से डरते हैं। सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया। उन्हें तो पद्म भूषण और विभूषण मिलना चाहिए।

### खामेनेई की मौत से भड़का चीन

मिडिल ईस्ट में इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग जारी है। इजरायली और अमेरिकी मिसाइलों ने ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं को मार डाला, जिससे दुनियाभर में तनाव और बढ़ गया। इस बीच, ईरान के समर्थन में चीन उतर आया है। भड़के चीन ने दो टूक कहा है कि एक आजाद नेता की खुलेआम हत्या और सरकार बदलने के लिए उकसाना मंजूर नहीं है। अमेरिका और इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की मिलिट्री क्षमता को निशाना बनाते हुए अपने हमले शुरू किए। इन हमलों में ईरान को बड़ा नुकसान हुआ है। वहीं, उसने मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी बेस को निशाना बनाना शुरू किया और दुबई, कतर, बहरीन समेत कई ठिकानों पर जमकर हमले किए। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को हमलों पर चिंता जताई और तुरंत सीजफायर की मांग की।

# खामेनेई के मारे जाने पर भारत में प्रदर्शन

- रमजान पर मातम में शिया मुसलमान



**नई दिल्ली.** इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत हो गई है। इसके बाद ईरान में लोग सड़कों पर उतर पड़े हैं। खामेनेई के समर्थक सड़कों पर मातम मना रहे हैं और अमेरिका-इजरायल का विरोध कर रहे हैं। खामेनेई की मौत के मातम से भारत भी अछूता नहीं है। यहां कश्मीर में कई जगहों पर लोग खामेनेई की तस्वीरों के साथ सड़कों पर उतरे और इजरायल-अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। लोग 'खामेनेई जिंदाबाद' जैसे नारे भी लगा रहे थे।

कश्मीर में प्रदर्शन की वजह यह है कि खामेनेई को फिलिस्तीन समर्थक नेता के तौर पर जाना जाता था। इसके अलावा शिया समुदाय के मुसालमान खामेनेई से काफी हमदर्दी रखते थे। कश्मीर के शिया मुसलमानों में खामेनेई की काफी लोकप्रियता थी और इसीलिए लोग उनकी मौत का मातम मनाने सड़कों पर उतर पड़े हैं। वहीं बेंगलुरु के पास शिया बहुल एक गांव में सन्नाटा पसरा है। लोगों का कहना है कि वे खामेनेई की मौत से बेहद दुखी हैं।

#### पुलवामा और श्रीनगर में सड़कों पर उतरे लोग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कश्मीर के पुलवामा और श्रीनगर में शिया बहुल इलाकों में लोग काले झंडे और बैनर लेकर सड़कों पर निकल पड़े और इजरायल-अमेरिका विरोधी नारे लगाने लगे। रविवार को ही ईरान ने अली खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। इसके बाद ईरान ने अपने नए सुप्रीम लीडर का ऐलान भी कर दिया है। अली खामेनेई के बेटे मोर्तजा खामेनेई को नया सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी है।

#### लखनऊ में भी प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी शिया मुसलमानों की संख्या काफी है। यहां भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किए। लोगों ने इजरायल और अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, अमेरिका बात भी कर रहा था और युद्ध की धमकी भी दे रहा था।

# पाकिस्तान जीतकर भी टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

- श्रीलंका को 5 रन से हराया
- फरहान का शतक बेकार
- न्यूजीलैंड सेमी फाइनल में पहुंची




साहिबजादा फरहान प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**पा**किस्तान टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। उसने शनिवार को अपने आखिरी सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन टीम टॉप-4 में जगह नहीं बना सकी। इस नतीजे से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए श्रीलंका को कम से कम 65 रन के अंतर से हराना था। उसे 213 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंका को 147 रन पर रोकना था। लेकिन, श्रीलंकाई टीम ने 16वें ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

पाकिस्तानी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाबी पारी में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी।

### फरहान की पारी से बने रिकॉर्ड

फरहान ने इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक लगाया है। वे एक टी-20 वर्ल्ड कप में 2 शतक लगाने वाले पहले बैटर बने हैं। उनसे पहले क्रिस गेल ने दो शतक लगाए थे, लेकिन उनके दोनों शतक अलग-अलग दो एडीशन में आए हैं।

फरहान एक टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने विराट कोहली के 319 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। फरहान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में इस पारी का 37वां रन बनाते ही यह अचीवमेंट हासिल की।

# आज से बिना सिम नहीं चलेगा वॉट्सएप



**नई दिल्ली.** 1 मार्च 2026 से 4 अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपकी जिंदगी पर पड़ेगा। आज यानी रविवार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। वहीं ATF के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है।

इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (UTS) एप काम करना बंद कर देगा।

#### 1. कॉमर्शियल सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा

आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कोलकाता में हुई है, जहां अब सिलेंडर के लिए 1875.50 चुकाने होंगे। वहीं दिल्ली में कीमत 28 रुपए बढ़कर 1768.50 हो गई है। पहले यह 1740.50 में मिल रहा था।

2. बिना एक्टिव सिम के नहीं चलेंगे वॉट्सऐप और टेलीग्राम

आज से मैसेजिंग एप्स के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू हो गए हैं। सरकार के इस नियम के बाद अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे मैसेजिंग एप्स तभी काम करेंगे, जब फोन में वही सिम कार्ड एक्टिव मोड में लगा हो जिससे अकाउंट बनाया गया है।

इसके अलावा अगर आप कंप्यूटर पर वॉट्सएप जैसे एप्स चलाते हैं तो लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। पहले ये एक बार लॉगिन करने पर हफ्तों तक चलता था।

#### 3. रेलवे का UTS एप बंद, अब 'RailOne' से होगी बुकिंग

रेलवे का पुराना अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम यानी UTS एप आज से पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अब जनरल, प्लेटफॉर्म और लोकल ट्रेनों की टिकट बुक करने के लिए यात्रियों को नए 'RailOne' एप का इस्तेमाल करना होगा। रेलवन एप को जुलाई 2025 में लॉन्च किया गया था।


इस एप के बंद होने के बाद कई यात्रियों के मन में सवाल है कि उनके UTS एप के वॉलेट (R-Wallet) में जमा पैसों का क्या होगा। रेलवे ने कहा कि आपके वॉलेट की राशि सुरक्षित है और इसे नए रेलवन एप में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

**नियम:** रेलवन एप उसी मोबाइल नंबर से रजिस्तर करना होगा, जिससे UTS एप रजिस्टर्ड था।

**ट्रांसफर:** अगर मोबाइल नंबर एक ही रहता है, तो बैलेंस अपने आप नए ऐप में दिखने लगेगा।

# रवि शास्त्री को मुंबई क्रिकेट का सलाम

- वानखेड़े स्टेडियम में होगा उनके नाम का स्टैंड




**मुंबई.** मुंबई क्रिकेट संघ ने शुक्रवार को घोषणा की कि मशहूर वानखड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा. इसके साथ ही साथ ही दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी के नाम पर भी गेट समर्पित किए गए. स्टेडियम में जहां स्टैंड का नाम मुंबई के पूर्व कप्तान शास्त्री के सम्मान में रखा जाएगा तो वहीं स्थल के तीन अलग-अलग गेट शहर के खिलाड़ियों के नाम पर रखे जाएंगे.

एमसीए ने कहा, ''शीर्ष परिषद ने मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में प्रेस बॉक्स के नीचे लेवल एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री के नाम पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. मुंबई और भारतीय क्रिकेट में एक खिलाड़ी और एक कोच दोनों के तौर पर उनके शानदार योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है.''

#### प्रेस बॉक्स के निचले स्टैंड का नाम होगा रवि शास्त्री स्टैंड

ये फैसले यहां एमसीए की शीर्ष परिषद बैठक के दौरान लिए गए. गेट नंबर तीन का नाम सरदेसाई के नाम पर रखा जाएगा जिन्होंने 1960-61 और 1972-73 के बीच भारत के लिए 30 टेस्ट और कुल 179 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे. गेट नंबर पांच का नाम एडुल्जी के सम्मान में रखा जाएगा जिन्होंने 1976-1993 के बीच कुल 20 टेस्ट और 34 वनडे खेले थे. इसी तरह गेट नंबर छह का नाम सोलकर के नाम पर रखा जाएगा जिन्होंने भारत के लिए 27 टेस्ट और सात वनडे खेले. एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य ने कहा, ''मुंबई क्रिकेट हमारे दिग्गजों की रखी नींव पर बना है. उन लोगों का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है जिन्होंने शहर और देश का गौरव बढ़ाया है.''


### आम सूचना

मैं श्रीमती कोमल मनिष कनोजिया सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 31-32 के सामने, संगम कॉलोनी, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एओ019488800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सीमा रवी नेभानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.2.2026 सी.नं. 88/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कोमल मनिष कनोजिया**

### आम सूचना

हम श्री पुष्कर राम एच. सुरोलीया व श्रीमती झीलो पुष्कर जुगलकिशोर शर्मा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 301, 3रा मजला, सुरी पैलेस, प्लॉट नं. 220- पार्ट, शीट नं. 91, उल्हासनगर- 1 (टैक्स नं. 05एओ018119800) उक्त प्रॉपर्टी श्री पवनकुमार जुगलकिशोर शर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.2.2026 सी.नं. 188/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री पुष्कर राम एच. सुरोलीया व श्रीमती झीलो पुष्कर जुगलकिशोर शर्मा**

### आम सूचना

हम श्रीमती सरोज ओमप्रकाश यादव व श्री ओमप्रकाश रामनरेश यादव सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, धोबीघाट, कमला नेहरू नगर, दत्त मंदिर के पास, उल्हासनगर- 1 (टैक्स नं. 03एओ01427700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती गंगाबाई उर्फ गंगुबाई काशिनाथ दोडके के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.2.2026 सी.नं. 162/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सरोज ओमप्रकाश यादव व श्री ओमप्रकाश रामनरेश यादव**

**संक्षेप...**

## स्टील की रॉड गिरने से राहगीर घायल

**मुंबई.** सेवरी-वर्ली एलिवेटेड कनेक्टर प्रोजेक्ट साइट पर कंस्ट्रक्शन के काम के दौरान स्टील का एक बार गिरने से एक राहगीर को मामूली चोटें आईं। इसके बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने सेफ्टी रिव्यू शुरू किया और कॉन्ट्रैक्टर और प्रोजेक्ट कंसल्टेंट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। घटना की टाइमलाइन यह घटना 27 फरवरी को शाम करीब 6.30 बजे हुई, जब प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्टर पियर को मजबूत करने का काम कर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, काम के दौरान एक स्टील का बार गलती से फिसल गया, बैरिकेड से टकराकर एक राहगीर को लग गया। घायल व्यक्ति के सिर में मामूली चोट लगी और उसे तुरंत परेल के ग्लेन ईगल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने इलाज किया।

# कर्मचारियों-अधिकारियों का आनन-फानन में ट्रांसफर

### ■ भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर की मंशा पर उठ रहे सवाल




**भिवंडी.** प्रशासक कार्यकाल के खात्मे के बाद मनपा आयुक्त अनमोल सागर ट्रांसफर,पोस्टिंग को लेकर चर्चा में हैं.आयुक्त के निर्देश पर मनपा अस्थापना विभाग उपायुक्त विक्रम दराडे मनपा कर्मियों,अधिकारियों की दनादन पोस्टिंग,ट्रांसफर के खेल में जुटे हैं.मनपा चुनाव होने के बाद करीब 1माह के अंतराल में ही दर्जनों कर्मियों,अधिकारियों का अनायास हुए ट्रांसफर में भारी भ्रष्टाचार होने की आशंका कामगार यूनियन पदाधिकारियों ने कर महापौर नारायण चौधरी से जांच की अपील की है. भिवंडी शहर गौरतलब हो कि,भिवंडी महानगरपालिका में साढ़े 3 साल के उपरांत प्रशासक राज 16 जनवरी को खत्म हो गया है.महापौर,उप महापौर सहित 90 जनप्रतिनिधि मनपा सत्ता में आ गए हैं.मनपा आयुक्त अनमोल सागर द्वारा वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर प्रशासकीय काम के नाम पर महानगरपालिका में फिर से ट्रांसफर का खेला शुरू हो गया है.आरोप है कि, महानगरपालिका

अस्थापना उपायुक्त विक्रम दराडे ने 52 प्रभारी चपरासी, सफाई कर्मचारी, क्लर्क, वार्ड ऑफिसर, असिस्टेंट कमिश्नर और अलग-अलग डिपार्टमेंट में काम करने वाले कर्मचारियों के ट्रांसफर के लिए चार अलग-अलग ऑर्डर जारी कर गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है. बताया गया है कि ये ट्रांसफर कमिश्नर के ऑर्डर के मुताबिक किए गए हैं.

अचानक हुए ट्रांसफर से महानगरपालिका में काम करने वाले कर्मचारियों और अलग-अलग ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई है. उक्त संदर्भ में महानगरपालिका प्रशासक,आयुक्त और प्रधान सचिव नगर विकास सेक्रेटरी से शिकायत करेंगे.आरोप है कि,पिछले साढ़े 3 साल मनपा के प्रशासक राज के दौरान प्रशासक,आयुक्त और उपायुक्त (मुख्यालय) ने आर्थिक फायदे की खातिर नियम कानून को ठेंगा दिखाते हुए अपनी मनमर्ज़ी से सैकड़ों अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर किए हैं. प्रभाग अधिकारी ट्रांसफर किए और फिर भारी लेनदेन कर कुछ ही दिनों में उन्हें उनकी पिछली पोस्ट पर नियुक्त कर दिया.

आश्चर्यजनक है कि ,मनपा कामकाज चलाए जाने के नाम पर वरिष्ठता सूची की दरकिनार कर किए गए ट्रांसफर को लेकर, भारतीय कामगार यूनियन और मनपा में दूसरी ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों ने घोर आपत्ति जताते हुए कई बार प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर से लिखित शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई.

### वरिष्ठता सूची को किया जा रहा नजरअंदाज

भिवंडी मनपा का यूनियनों का आरोप है कि,मनपा आस्थापना विभाग अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर में सीनियरिटी को पूर्णतया नज़रअंदाज़ कर भ्रष्टाचार के दम पर पोस्टिंग,ट्रांसफर कर रहा है .भारतीय कामगार यूनियन,लेबर फ्रंट यूनियन की बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है .मनपा अस्थापना विभाग उपायुक्त विक्रम दराडे की मनमानी से लेबर यूनियनों में भारी नाराजगी फैली है .आरोप है कि,उपायुक्त दराडे मोटी रकम लेकर ट्रांसफर,पोस्टिंग का गैरकानूनी खेला खेलने में माहिर हैं .मनपा की कई यूनियनों द्वारा मनपा उपायुक्त दराडे की लिखित शिकायत नगर विकास सचिव से करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है .

# टीवेजे के लिए सीएम ने किया एंबुलेंस का उद्घाटन




**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को विधान भवन परिसर में महाराष्ट्र टीव्ही जर्नलिस्ट एसोसिएशन (टीवीजे) के लिए दो सुसज्जित एम्बुलेंस का लोकार्पण किया. 'आरबीजी फाउंडेशन' की अध्यक्षा मधुरा गेठे की पहल और 'लालबागचा राजा गणेशोत्सव मंडल' के सहयोग से उपलब्ध कराई गई यह एम्बुलेंस सेवा, प्राकृतिक आपदा, दंगल या अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकारों को आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करेगी. इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक सहित एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय जाधव व बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# विदेशी महिला से 2 युवकों ने की छेड़छाड़

**मुंबई.** मुंबई में एक विदेशी ट्रेवलर महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. इसमें दो युवकों ने महिला के साथ फोटो लेने के लिए जबरदस्ती की है. महिला ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया. जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

इनेस फारिया नाम की विदेशी महिला टूरिस्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की. महिला ने कैप्शन में लिखा कि उन्होंने 15 तक मेरा पीछा किया. जिससे मुझे असहनीय लगने लगा. एक वक्त ऐसा आया कि मुझे उन्हें दूर करने के लिए धक्का देना पड़ा. उसके बाद वे लोग चले गए. इस वीडियो के वायरल होते ही फारिया के इनबॉक्स में लोगों की प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया. वीडियो पर उन्होंने लिखा कि ' आई गॉट हैरेस्ड इन मुंबई' जिसे इनेस फारिया ने शेयर किया है. इसके बाद कई यूजर्स ने फारिया से पर्सनली माफी मांगी है. साथ ही मदद का भरोसा दिलाया.

फारिया के वायरल वीडियो पर मुंबई पुलिस ने उन्हें मैसेज के जरिए संपर्क किया. पुलिस ने उनसे इस मामले में मदद करने के लिए अधिक जानकारी जुटाने के लिए पता और कॉन्टेक्ट डिटेल मांगी. फारिया ने पुलिस के साथ सहयोग किया. जिसके बाद पुलिस एक्टिव हो गई. पुलिस ने जानकारी जुटाते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. विदेशी महिला के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले में मुंबई के आग्रिपाडा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है. वीडियो में नजर आ रहे दो अज्ञात लोगों के खिलाफ BNS की धारा 78 (1) 3(5) के तहत केस दर्ज कर लिया गया।


फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

# मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन

**मुंबई.** मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन शनिवार को हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परियोजना की तारीफ करते हुए समुद्री मार्ग से यात्रा करने में काफी महत्वपूर्ण बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुशखबरी शेयर की। सीएम ने लिखा, खुशखबरी ! मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन। मुंबई और विजयदुर्ग (जिला सिंधुदुर्ग) के बीच रो-पैक्स फेरी सेवा कल, 1 मार्च 2026 से शुरू हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि इससे कोंकण निवासियों को समुद्री मार्ग से यात्रा का एक तेज, आरामदायक और आनंददायक विकल्प मिलेगा। इस सेवा के माध्यम से मुंबई से विजयदुर्ग की यात्रा मात्र 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी।

**CM देवेंद्र फडणवीस का ड्रीम प्रोजेक्ट**

यह सेवा महाराष्ट्र सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जो कोंकण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। राज्य के मत्स्यव्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने भी इस परियोजना को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना 2014-2019 के दौरान फडणवीस के बंदरगाह विभाग संभालने के समय से ही चली आ रही है। रो-पैक्स (रो-पैक्स) फेरी सेवा रोल-ऑन/रोल-ऑफ और पैसेंजर दोनों सुविधाओं वाली है। इसमें यात्री अपने वाहन (दो-पहिया, चार-पहिया) के साथ यात्रा कर सकते हैं। सेवा एम2एम प्रिंसेस जैसी हाई-स्पीड फेरी से संचालित होगी, जो दक्षिण एशिया की सबसे तेज पैसेंजर-कम-व्हीकल फेरी में से एक मानी जाती है। मुंबई के भाऊचा धक्का (फेरी व्हार्फ) से सुबह निकलकर यह विजयदुर्ग पहुंचेगी।



### मात्र 6-7 घंटे में पूरा होगा सफर

शुरुआती चरण में मार्च में 16 दिनों का पायलट फेज चलेगा, जिसमें मुंबई और विजयदुर्ग से 8-8 प्रस्थान होंगे। रोजाना यात्रा का समय सड़क मार्ग से 10-14 घंटे (ट्रैफिक सहित) लगता है, जबकि यह समुद्री मार्ग मात्र 6-7 घंटे में पूरा होगा।

# SST महाविद्यालय में 'पांग मराठीचे' कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न

### मराठी भाषा गौरव दिवस पर कवि जितेंद्र लाड का प्रभावी काव्यपाठ

**उल्हासनगर.** ज्येष्ठ साहित्यकार वि. वा. शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले मराठी भाषा गौरव दिवस के अवसर पर एस. एस. टी. कला और वाणिज्य महाविद्यालय के कला विभाग तथा मराठी वाङ्मय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 'पांग मराठीचे' इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि जितेंद्र लाड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की प्रस्तावना में महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे ने मराठी भाषा के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए युवा पीढ़ी से आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने मंगेश पाडगावकर तथा कुसुमाग्रज की कविताओं का प्रभावशाली पाठ कर वातावरण को भावविभोर कर दिया।



मुख्य अतिथि कवि जितेंद्र लाड ने अपनी मधुर काव्य पंक्तियों के माध्यम से पिछली पीढ़ी, वर्तमान स्थिति और आज की पीढ़ी की जीवनशैली, भावनाओं तथा भाषा के प्रति बदलती संवेदनाओं का मार्मिक चित्रण किया। उन्होंने अपने जीवन-प्रवास का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न कविताओं का प्रस्तुतीकरण किया। मराठी भाषा, मराठी त्योहार-उत्सव और मराठी के इतिहास जैसे विषयों पर विद्यार्थियों से पूछे गए प्रश्नों पर आधारित एक चित्रित ध्वनिचित्र प्रस्तुति भी प्रदर्शित की गई। साथ ही महाविद्यालय के गैर-मराठी प्राध्यापकों द्वारा मराठी भाषा दिवस के अवसर पर मराठी में दी गई शुभकामनाओं का वीडियो भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित जनों ने उत्साहपूर्वक सराहा। छात्रो को उपहार स्वरूप पुस्तके भेट दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी तथा आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी की संकल्पना से कला विभागाध्यक्ष डॉ. तुषार वाकसे, मराठी वाङ्मय मंडल प्रमुख प्रा. सचिन फाळके, पत्रकार एवं प्रा. प्रफुल केदारे के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. संतोष करमानी, उपप्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रा. जीवन विचारे, कनिष्ठ महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रा. देविदास जळकोटे सहित प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन प्रा. प्रफुल केदारे ने किया, अतिथियों का परिचय डॉ. हर्षदा दरेकर ने कराया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुवर्णा अहिरे ने किया। कार्यक्रम की सफलता में छात्र स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थितों ने कार्यक्रम को भरपूर सराहते हुए मराठी भाषा गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया।

## श्रीराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी शिवसेना (उद्धव) के कार्यकर्ता आक्रामक

**कल्याण.** बदलापुर की भाजपा पदाधिकारी प्रतिभा जाधव एवं महेश जाधव की पुत्री मृणाल महेश जाधव पर प्रभु श्रीराम के संबंध में कथित आपत्तिजनक बयान देने का आरोप लगाया गया है। शिवसेना (उद्धव) ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया है।

इस आपत्तिजनक टिपण्णी के विरोध में शिवसेना (उद्धव) के पदाधिकारियों ने शनिवार को कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। ठाकरे गुट के पदाधिकारियों ने भाजपा पदाधिकारी की बेटी के खिलाफ उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# रमजान में दूषित पानी से नमाजियों की परेशानी बढ़ी



**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के गोविंदवाड़ी स्थित बिस्मिल्ला मस्जिद परिसर में गंदे पानी का साम्राज्य फैला हुआ है। दूषित पानी की निकासी न होने के कारण पूरे इलाके में दुर्गंध फैली हुई है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। पिछले सप्ताह कल्याण-डोंबिवली मनपा की महापौर हर्षाली चौधरी थविल ने कइलाके का दौरा कर अधिकारियों को तत्काल जलनिकासी के निर्देश दिए थे, लेकिन आरोप है कि अधिकारियों ने इन आदेशों की अनदेखी की।

गोविंदवाड़ी इलाके में बड़ी संख्या में तबेले हैं। इन तबेलों से निकलने वाला दुर्गंधयुक्त पानी आसपास जमा हो रहा है। विशेष रूप से इस समय रमज़ान का पवित्र महीना चल रहा है। रमज़ान के दौरान मस्जिद में दिन में पाँच बार नमाज़ अदा करने के लिए नागरिक आते हैं, लेकिन उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्गंध के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले सप्ताह निरीक्षण के बाद महापौर द्वारा समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप प्रभाग की नगरसेविका समीना सलीम शेख ने लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बार-बार शिकायतों के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं देते, तो वे गंदा पानी अधिकारियों के केबिन में डाल देगी।

# स्ट्रगल, बॉडी शेमिंग-रिजेक्शन झेलकर बनीं स्टार -मृणाल

### ■ लोगों ने कहा- हीरोइन नहीं बन सकती

टीवी की दुनिया से बॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग और काबिलियत के बल अपनी एक अलग पहचान बना चुकी एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के लिए यह सफर आसान नहीं था। करियर के शुरुआती दौर में उन्हें डिमोटिवेटिंग और नकारात्मक अनुभवों का सामना करना पड़ा था।

उनके लुक को देख कर कहा जाता था कि हिरोइन नहीं बन सकती हैं। ऐसे कमेंट्स सुनकर मृणाल घर पर आकार खूब रोती थीं। कई बार तो उन्होंने ट्रेन के नीचे कूदकर सुसाइड तक करने की सोची। ऐसे समय में मृणाल के घर वालों ने बहुत सराहा दिया।



एक्ट्रेस ने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपने स्ट्रगल का समाना किया। उनकी मेहनत रंग लाई और आज एक सक्सेसफुल एक्ट्रेस हैं। मृणाल ठाकुर का जन्म 1अगस्त 1992 को महाराष्ट्र के धुले में हुआ। उनके पिता उदय ठाकुर बैंक में कार्यरत थे, जिनकी नौकरी ट्रांसफरेबल थी। पोस्टिंग के कारण परिवार धुले से मुंबई शिफ्ट हो गया। मां वंदना ठाकुर गृहिणी हैं। परिवार में उनके एक बड़े भाई धवल ठाकुर और एक बड़ी बहन लोचन ठाकुर हैं।

मृणाल ने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई में पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के KC College से मास मीडिया में ग्रेजुएशन शुरू किया। हालांकि एक्टिंग में बढ़ती व्यस्तता के कारण वह अपनी डिग्री पूरी नहीं कर सकीं। कॉलेज के दौरान ही उन्हें ऑडिशन और टीवी की दुनिया का अनुभव मिलने लगा था।

### मजाक में दिया ऑडिशन, मिल गया पहला ब्रेक

कॉलेज के दौरान मजाक-मजाक में दिए गए एक ऑडिशन ने मृणाल की जिंदगी बदल दी। उन्हें 2012 में स्टार प्लस के टीवी शो 'मुझसे कुछ कहती... ये खामोशियां' में काम करने का मौका मिला। यही उनका पहला बड़ा ब्रेक था, जिसने अभिनय के सफर की औपचारिक शुरुआत कर दी।

# एसएसटी महाविद्यालय के बीएएमएमसी विद्यार्थियों द्वारा 'युफोरिया 2026' का उत्साहपूर्ण आयोजन

**उल्हासनगर.** अनुभव आधारित शिक्षा की संकल्पना के अंतर्गत नेतृत्व गुण, संवाद कौशल, टीमवर्क और इवेंट मैनेजमेंट कौशल विकसित करने के उद्देश्य से एस.एस.टी. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के बीएएमएमसी (मीडिया) विभाग के विद्यार्थियों ने 'युफोरिया 2026' महोत्सव का उत्साह और भव्यता के साथ आयोजन किया। विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः नियोजित और क्रियान्वित किया गया यह अनोखा महोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

इस वर्ष के पाँचवें संस्करण की थीम 'Rewind, Recreate, Reimagine' रखी गई थी। नॉस्टेल्जिया के रंगों से सजे इस उत्सव में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए बचपन के कार्टून, पुराने चलचित्र, विज्ञापन और खेलों की यादों को ताज़ा किया।




'रिवाइंड रंबल' प्रतियोगिता में कार्टून, पुराने फिल्मों और विज्ञापनों पर आधारित प्रश्नोत्तरी ने उत्साह बढ़ाया; 'क्रिएट-ओ-वर्स' के माध्यम से विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को मंच मिला; वहीं 'मीडिया मेनिया' के अंतर्गत हेडलाइन बैटल और एड-मैड जैसी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को अलग ही चमक प्रदान की। प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस वर्ष की 'युफोरिया 2026' चैम्पियनशिप ट्रॉफी कनिष्ठ महाविद्यालय की ग्यारहवीं विज्ञान शाखा ने अपने नाम की।

इस महोत्सव का आयोजन संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी तथा आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में उपप्राचार्य एवं बीएएमएमसी विभाग प्रमुख प्रा. डॉ. दीपक गवादे ने सहकर्मी प्राध्यापकों डॉ.हर्षदा दरेकर, डॉ. सुवर्णा अहिरे, प्रा. मोहम्मद एमान खान, प्रा. शबा शेख और प्रा. प्रफुल केदारे के सहयोग से किया। बीएएमएमसी विभाग के विद्यार्थियों ने आयोजक की भूमिका निभाई, जबकि अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागी के रूप में सहभागिता की।

आयोजक विद्यार्थियों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, "महाविद्यालय द्वारा प्रदान की गई इस अवसर से हमारे इवेंट मैनेजमेंट, पब्लिक रिलेशन्स, संवाद कौशल और समय प्रबंधन कौशल का विकास हुआ। हमें टीम के रूप में कार्य करने का उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त हुआ। इस अनुभव ने हमारे आत्मविश्वास में भी वृद्धि की है।"

## आम सूचना

हम श्री अम्बरत कन्यालाल बठीजा और अन्य दो जन सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप, ग्राऊंड फ्लोर, 600 चौ.फुट, पोर्शन, सामने मेनका और रानी मां अपार्टमेंट सेक्शन 17, उल्हासनगर- 3 (टैक्स नं. 29सीओ008322400) उक्त प्रॉपर्टी श्री शंकर कन्यालाल बठीजा व श्री गौरव शंकर बठीजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.3.2024 सी.नं. 282 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अम्बरत कन्यालाल बठीजा और अन्य दो जन**

# तेज रफ्तार बाइक ने पैदल यात्री को कुचला, 3 की मौत

**मुंबई.** मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर एक भयानक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें तीन नौजवानों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज़ रफ़्तार मोटरसाइकिल ने पीछे से एक पैदल चल रहे आदमी को टक्कर मार दी। पीड़ित रिपोर्ट के मुताबिक, विरार के रहने वाले शाहरुख फूलजहा खान अपने दोस्त अर्जुन शेट्टी के साथ अपनी सुज़ुकी मोटरसाइकिल पर हाईवे पर जा रहे थे। जैसे ही वे साधना होटल के पास चिंचोटी गांव के इलाके में पहुंचे, उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर चल रहे कोल्हीगांव के रहने वाले ईश्वर साव (19) से टकरा गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि मोटरसाइकिल बाद में सड़क पर लगे लोहे के बैरिकेड से टकरा गई। टक्कर की गंभीरता के कारण मोटरसाइकिल पर सवार दो और पैदल चल रहे आदमी, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर, नायगांव पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने लापरवाही से मौत और बहुत तेज़ रफ़्तार से गाड़ी चलाने, जिससे उसकी और दूसरों की जान खतरे में पड़ गई, का केस दर्ज किया है।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099